**समीक्षा** ▶ पुलिस कंट्रोल रूम में की गई अपराधों की समीक्षा, विवेचना में देरी पर लगा जुर्माना

# गुंडे-बदमाशों की लगातार करें चेकिंग




**नवभारत,कटनी।** पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से अपराध निकाल, संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत, बाउंड ओवर कार्रवाई, ऑपरेशन मुस्कान, ऑपरेशन शिकंजा के तहत की गई कार्रवाई की जानकारी ली। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित अपराधों पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अपराधों का निराकरण किया जाए। जिन विवेचकों द्वारा समयावधि पूर्ण होने के बावजूद अपराध लंबित रखे गए, उन पर 500-500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि उनका प्राथमिक स्तर पर ही तत्काल संतोषजनक और पूरा निराकरण सुनिश्चित किया जाए। महिला संबंधी अपराधों पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में जल्द विवेचना पूरा कर निर्धारित समय सीमा में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इसके अलावा गुंडा और निगरानी बदमाशों की लगातार चेकिंग करने, उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## ऑटो पलटने से एक यात्री की मौत, दूसरा घायल

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र में बुधवार को मुड़हरा गांव के पास ऑटो पलटने से एक यात्री की मौत हो गई, जबकि एक अन्य यात्री घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार ऑटो पोनियां से कटनी मुख्यालय की ओर जा रहा था। भटिया-मुड़हरा गांव के पास पहुंचते ही चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। हादसे में घायल दो यात्रियों में से जबलपुर के भेड़ाघाट निवासी भारतपुरी पिता गणेश पुरी गोस्वामी (50 वर्ष) की मौत हो गई है। मृतक भारतपुरी गोस्वामी पोनियां गांव में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। बुधवार को वे अपने घर जबलपुर लौटने के लिए कटनी से ट्रेन पकड़ने के लिए ऑटो में सवार हुए थे। इसी बीच हादसे में उनकी मौत हो गई।



## समस्या के समाधान में नहीं की जाए लापरवाही

▶ नगर निगम में महापौर ने सुनीं शहरवासियों की समस्याएं

**नवभारत,कटनी।** नगर निगम द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर के विभिन्न वार्डों से आए शहरवासियों द्वारा अपनी समस्याएं और शिकायतें की गईं। मेयर-इन-काउंसिल सभागार में आयोजित इस जनसुनवाई में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर समस्याओं को सुना और शिकायतों से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण, मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, अतिक्रमण निराकरण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन शामिल थे। महापौर ने सभी आवेदन पर विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। महापौर द्वारा पूर्व में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। महापौर ने कहा कि शहरवासियों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम नागरिकों को उनकी समस्याओं के संतोषजनक समाधान के लिए एक प्रभावी मंच उपलब्ध कराता है। महापौर ने कहा कि नगर निगम का लगातार प्रयास है कि शहरवासियों को एक ही स्थान पर पारदर्शी, सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## पिता-पुत्र और भांजे पर राड से हमला, हालत गंभीर

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सुड्डी में खेत की तार फेंसिंग काटने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया। पड़ोसी पक्ष ने एक ही परिवार के तीन लोगों पर हमला कर दिया। मारपीट में धर्मेंद्र विश्वकर्मा, उनके पिता पुरुषोत्तम विश्वकर्मा और भांजे सचिन विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को पहले बड़वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र अपने पिता और भांजे के साथ खेत पर पहुंचे थे। वहां उन्होंने देखा कि खेत की तार बाउंड्री कटी हुई है। इस बात को लेकर पड़ोसी जमुना विश्वकर्मा से पूछताछ की गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि जमुना विश्वकर्मा और उसके बेटे उमेश व राकेश ने गाली-गलौज के बाद हमला कर दिया। पुरुषोत्तम को लाठियों से पीटा गया, जबकि धर्मेंद्र के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया। बीच में आए भांजे सचिन को भी पीटकर घायल कर दिया गया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## सायलो केन्द्र से भड़के किसान, चकाजाम की चेतावनी

▶ कलेक्टर के नाम किसानों ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत, रीठी।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य शुरू होते ही रीठी तहसील क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बार प्रशासन द्वारा मुहांस खरीदी केंद्र को बंद कर उसे पटोरी सायलो से जोड़ दिया गया है, जिससे किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि रीठी से पटोरी सायलो केंद्र की दूरी करीब 40 किलोमीटर है। ऐसे में गेहूं ले जाने में समय, पैसा और संसाधनों की भारी बर्बादी होगी। छोटे और मध्यम किसानों के लिए यह व्यवस्था बेहद कठिन साबित हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर किसानों ने एकजुट होकर तहसीलदार रीठी और थाना प्रभारी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की है कि मुहांस खरीदी केंद्र को दोबारा चालू किया जाए या फिर कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। किसानों ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि उनकी समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे चक्का जाम आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## इलेक्ट्रिक दुकान में लगी आग, लाखों की सामग्री जलकर खाक

▶ शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका



**नवभारत, कटनी।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के झिन्ना पिपरिया गांव में देर रात एक इलेक्ट्रिक दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित व्यापारी ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम झिन्ना पिपरिया निवासी राम मनोहर पटेल अपनी इलेक्ट्रिक की दुकान चलाते हैं। वे प्रतिदिन की तरह रात को दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात अचानक दुकान से आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीणों ने शोर मचाया। जब तक ग्रामीण और दुकानदार मौके पर पहुंचते, आग ने विकराल रूप ले लिया था। दुकानदार राम मनोहर पटेल ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखे बिजली के उपकरण, तार, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री सहित सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया। व्यापारी के शुरुआती अनुमान के मुताबिक, इस आगजनी में लाखों लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने का स्पष्ट कारण अभी पता नहीं है, लेकिन आग लगने का कारण के लिए शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग को दी गई है। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि यह दुकान उनके परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र साधन थी। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम से जल्द सर्वे कर नुकसान का आकलन करने और उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और राजस्व विभाग ने पंचनामा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## 15 साल में नहीं बना आंगनबाड़ी केन्द्र, कच्चे मकान में संचालन की मजबूरी

▶ आंगनबाड़ी केन्द्र में नहीं है पर्याप्त सुविधाएं



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी तहसील क्षेत्र के जंगलों में बसे खुसरा गांव से एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है, जो आज भी ग्रामीण विकास की हकीकत बयां कर रही है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी यह गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित नजर आ रहा है। गांव में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र की स्थिति बेहद दयनीय है। यहां बच्चों और महिलाओं के लिए बनाई जाने वाली आंगनवाड़ी भवन की बिल्डिंग बीते 15 वर्षों में भी नहीं बन पाई है। मजबूरी में केंद्र का संचालन एक मिट्टी के कच्चे मकान में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। कच्चे मकान में चल रहे इस केंद्र में न तो पर्याप्त जगह है और न ही जरूरी सुविधाएं, जिससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मामला एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है कि आखिर इतने वर्षों बाद भी गांव में एक बुनियादी आंगनवाड़ी भवन तक क्यों नहीं बन पाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## कार्यशाला में बताया जल संरक्षण का महत्व और उपाय


▶ जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराया गया आयोजन




**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत उमरियापान वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने जल संरक्षण के उपायों, वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और महत्व की जानकारी दी। डॉ अभिलाषा चौरसिया ने पृथ्वी में लगातार घटते भू-जल स्तर, बढ़ते तापमान और उसके पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। रहवर रजा मंसूरी ने पीने योग्य जल की कमी और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया । कार्यक्रम के अंत में डॉ दीपिका जैन द्वारा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने सक्रिय सहभागिता निभाई ।

## नगर निगम सीमा क्षेत्र में बनाई जा रही अवैध कॉलोनियों को करें चिन्हित, दर्ज कराएं एफआईआर

▶ बैठक में आयुक्त ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा



**नवभारत, कटनी।** प्रशासन का उद्देश्य सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहकर वास्तविक रूप से आमजन को राहत पहुंचाना है। विभागीय अधिकारी शासकीय योजनाओं और प्राप्त आवेदनों की लगातार समीक्षा कर योजनाओं का लाभ और आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण करे। ये निर्देश नगर निगम में आयोजित समय-सीमा की बैठक में नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने बुधवार को विभाग प्रमुखों को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त ने जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार संबंधी पत्रों की समीक्षा करते हुए सभी का समय-सीमा में निराकरण करने के लिए कहा। नगर निगम की शाखाओं से संबंधित चिन्हित समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा कर शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। नगर निगम सीमा में चिन्हित अवैध कॉलोनियों के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शेष मामलों में एफआईआर दर्ज करने, नियमित वार्ड भ्रमण कर नई कॉलोनियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही बारिश के आने से से पहले जर्जर भवनों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण, प्रगतिरत और अपूर्ण आवासों की स्थिति की समीक्षा करते हुए किश्तों के वितरण, आरसीसी वसूली, विद्युत कनेक्शन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। हितग्राहियों को 10 दिवस के भीतर विद्युतीकरण पूरा कराने के लिए एमपीईबी के माध्यम से आवश्यक समन्वय करने को कहा गया। अमृत योजना अंतर्गत पाइपलाइन विस्तार, हाउस कनेक्शन, एसटीपी सिविल कार्यों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त श्रमिक और मशीनरी लगाकर कार्यों को तेजी से कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही पेयजल आपूर्ति, जल गुणवत्ता परीक्षण और टैंकर व्यवस्था की समीक्षा कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण के बाद ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग में आ रही बाधाओं को लेकर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्थानीय नागरिकों से समन्वय स्थापित कर कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। नगर की प्रमुख नदियों के सीमांकन और जल स्रोतों के आसपास अतिक्रमण हटाने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए निगमायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनसहभागिता बढ़ाने और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। निगमायुक्त ने पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना, संबल योजना, ई-केवाईसी प्रकरणों के निराकरण, कर्मचारी समस्या निवारण शिविर आयोजन, आगामी वर्षा ऋतु हेतु पौधारोपण की तैयारी, ट्रांसपोर्ट नगर में निष्क्रिय आवंटनों की निरस्तीकरण प्रक्रिया, प्रेमनगर में निर्मित दुकानों की नीलामी, डेयरी संचालकों पर कार्रवाई, फिश पार्लर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, असित खरे, अंशुमान सिंह, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, आदेश जैन, सहित उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, मृदुल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र प्यासी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

## श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली भगवान शिव की बारात



**नवभारत, उमरियापान।** नेगई ग्राम में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह प्रसंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु शिव-पार्वती विवाह के दिव्य दृश्य को देखकर भाव-विभोर हो उठे। जैसे ही भगवान शिव की बारात निकाली गई, पूरा वातावरण 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। कथावाचक पंडित रुद्रांश शास्त्री ने बताया कि शिव-पार्वती का यह दिव्य मिलन प्रकृति और पुरुष के पावन संयोग का प्रतीक है, जो समस्त सृष्टि के कल्याण के लिए हुआ।

**चेकिंग** ▶ अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा की गई वाहनों की जांच, नियम विरूद्ध संचालन पर की गई कार्रवाई

## बिना वैध परमिट के सड़क पर दौड़ रहीं 15 वर्ष पुरानी दो यात्री बसों को किया जब्त




**नवभारत, कटनी।** बिना परमिट, फिटनेस और लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में बुधवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल द्वारा जिले के विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने कई वाहनों की जांच की, जिसमें कुछ वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। विशेष रूप से दो यात्री बसें, जो 15 वर्ष की निर्धारित आयु पूर्ण कर चुकी थीं, बिना वैध परमिट के संचालित होती मिलीं। नियमों के अनुसार इतने पुराने वाहनों का संचालन सख्त शर्तों के अधीन होता है, और बिना परमिट के इनका संचालन पूरी तरह अवैध है। दोनों बसों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए दो को जब्त कर लिया है। जब्त की गई एक बस को बरही थाने में और दूसरी बस को बड़वारा थाने में रखा गया है। अभियान के दौरान एक और गंभीर मामला सामने आया, जिसमें एक स्कूल बस कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों के अभाव में संचालित होती पाई गई। जांच में यह पाया गया कि बस के चालक के पास न तो वैध फिटनेस प्रमाण पत्र थे, न ही परमिट और बीमा उपलब्ध था। इतना ही नहीं, इस वाहन का टैक्स भी वर्ष 2024 से जमा नहीं किया गया था। ऐसे में इस बस से स्कूली बच्चों का परिवहन किया जाना बेहद जोखिम भरा था और किसी भी समय गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने तत्काल बस में सवार सभी स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्हें अपने वाहन के माध्यम से सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया। इसके बाद उक्त स्कूल बस को भी जप्त कर थाना बरही में सुरक्षित रखा गया। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने सभी वाहन संचालकों और मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे फिटनेस, परमिट, बीमा और टैक्स समय पर पूरा रखें और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी ऐसे सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जांच कार्रवाई हड़कंप मचा हुआ है।

## जिला खनिज प्रतिष्ठान की समीक्षा बैठक 24 को

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे से जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

### आम सूचना

दिनांक 27.10.2025 को कलेक्टर ऑफिस कटनी के सामने गाड़ी से बैग (जिसमें मेरा पैन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, कैश लगभग 40,000/-, चेक, लेटरहेड, और अन्य कंपनी दस्तावेज सहित) गुम हो गए है या किसी ने चुरा लिए है। बैग में हमारी कंपनी MSLR प्राइवेट लिमिटेड के HDFC बैंक खाता संख्या 50200037965161 के रिक्त (रिक्त, दिनांक, रिक्त राशि, रिक्त नाम के) हस्ताक्षर किये हुए चेक संख्या नं. 000014, 000015, 000021, 000024, 000042, 000046, 000049, 000075, 000088, 000130, 000134, 000143, 000145, 000183, 000221, 000228, 000256, 000264, 000372, 000381, 000382 साईट की लेबर पेमेंट देने के लिए बैग में थे। बैग को खोजा गया और ना मिलने पर दिनांक 23.11.2025 को HDFC बैंक पोर्टल पर चेकों को स्टॉप कर दिया गया है। और मेरी प्रोपाइटरशिप फर्म Mahender Singh Contractor के HDFC बैंक खाता संख्या 50200023026539 के रिक्त (रिक्त दिनांक, रिक्त राशि, रिक्त नाम के) हस्ताक्षर किये हुए चेक संख्या नं. 000014, 000034, 000036, 000051 से 000056, 000080 से 000084, 000089, 000101, 000107, 000116 से 000117, 000157, 000170 से 000173, 000188 से 000189, 000191 से 000192, 000214 से 000216, 000244, 000253 से 000255, 000257, 000259, 000261 से 000264, 000267, 000289, 000340, 000354 से 000355, 000358, 000364, 000365, 000370, 000378, 000380 से 000381, 000390 से 000392, 000412, 000460, 000462, 000467, 000469, 000479, 000490, 000495 से 000506, 000508, 000511 से 000516, 000520 से 000522, 000524 साईट की लेबर पेमेंट देने के लिए बैग में थे। बैग को खोजा गया और ना मिलने पर दिनांक 20.02.2026 को HDFC बैंक पोर्टल पर चेकों को स्टॉप कर दिया गया है। अत: उक्त बैग में, मेरा पैन कार्ड, आधार कार्ड, 2 खातों की चेक और चेक बुक, दोनों कंपनी के लेटरहेड और दोनों कंपनी के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गुम होने की रिपोर्ट दर्ज की जाये ताकि अविष्य में उक्त किसी भी दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल ना किया जाये।

महेंद्र सिंह मो.नं. 9355742700

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024